दिन–गुरूवार दिनांक– 15 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कल से समृद्धि यात्रा पर निकलेगें। यह यात्रा पश्चिम चम्पारण जिले से शुरू होगी। समृद्धि यात्रा का पहला चरण चौबीस जनवरी तक चलेगा। यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, शिवहर, गोपालगंज, सिवान, सारण, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले का दौरा करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओ की समीक्षा करेंगे।

———————————————————————

राज्य सरकार ने सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी को पैंतालीस दिनों के अंदर रद्द करने का सभी अपर समाहर्ताओं को निर्देश दिया है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव सी.के. अनिल द्वारा इस संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि जिस अंचलाधिकारी के कार्यकाल में अवैध जमाबंदी हुई है, उनपर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सभी समाहर्ता को इस अभियान की सतत निगरानी के निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————

प्रदेश में परमाणु बिजली घर बनाने के लिए प्रारंभिक सर्वे का काम पूरा हो गया है। बांका, नवादा और सीवान में परमाणु बिजली घर बनाने के लिए पिछले साल सर्वे का काम शुरू हुआ था। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि परमाणु बिजली घर बनाने के लिए सर्वे रिपोर्ट मिल गयी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के सभी पहलुओं पर अध्ययन किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार को भी इस रिपोर्ट की जानकारी दी जा रही है।

———————————————————————

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के उपयोगकर्ता अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई चैटबॉट ग्रोक की मदद से लोगों की तस्वीरों को आपत्तिजनक ढंग से एडिट नहीं कर पाएंगे। अश्लील डीपफेक को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच एलन मस्क के एआई मॉडल ग्रोक ने उपयोगकर्ताओं को वास्तविक लोगों की तस्वीरों को आपत्तिजनक ढंग से एडिट करने की अनुमति नहीं दी है। इसका सब्सक्रिप्शन लेने वाले

और सामान्य सभी उपयोगकर्ताओं पर यह प्रतिबंध लागू होगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने बताया कि ऐसी फोटो बनाने की कोशिश करने वाले उपयोगकर्ताओं को स्थानीय कानूनों के अनुसार ब्लॉक कर दिया जाएगा।

———————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————

प्रदेश के कई हिस्सों में आज भी मकर संक्रांति का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाय जा रहा है। लोगों ने गंगा सहित विभिन्न पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा–पाठ कर दान–पुण्य किया। इधर, पटना में राजनीतिक दलों की ओर से आज भी दही–चूड़ा भोज का आयोजन किया जा रहा है। लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की ओर से आयोजित भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जदयू विधायक चेतन आनंद की ओर से आयोजित भोज में भी शामिल हुए।

———————————————————

सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने सासाराम मुख्य डाकघर में कार्यरत पोस्टमैन श्रीलाल को तीस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पोस्टमैन एक ग्रामीण डाक सेवक से रिश्वत ले रहा था।

———————————————————

पूर्णिया में पिछले दिनों एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले भी एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है।

———————————————————

सुपौल जिले के करजाईन थाना क्षेत्र के मोतीपुर पंचायत में आग लग जाने से छह घर जलकर नष्ट हो गए। अगलगी की घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

———————————————————————

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।